प्रादेशिक समाचार

दिनांक–21.09.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. कुड़मी समाज का रेल रोको आंदोलन आश्वासन के बाद देर रात हुआ समाप्त, रेलवे ने आज रांची–हावड़ा वंदे भारत समेत कई ट्रेनों का परिचालन किया रद्द।
2. झारखंड के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दीपक बिरुआ तथा नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने राज्य सरकार के कर्मियों की मांगों पर समाधान का दिया आश्वासन।
3. झारखंड चैंबर ऑफ़ कॉमर्स का चुनाव आज, सांसद संजय सेठ ने कहा–अपना व्यवसाय करते हुए दूसरे व्यापारियों के हितों की रक्षा करना है महत्वपूर्ण जिम्मेवारी।
4. बिहार सरकार का 50 हजार का इनामी और झारखंड का अपराधी उत्तम यादव चतरा के सिमरिया में पुलिस मुठभेड़ में हुआ ढेर, बिहार–झारखंड के दर्जनों मामलों में थी तलाश।
5. महालया आज, रांची के दुर्गा बाड़ी समेत राज्यभर के मंदिरों और पूजा पंडालों में देवी दुर्गा का होगा आह्वान, कल से शारदीय नवरात्र की होगी शुरुआत।

********************

कुड़मी को एसटी में शामिल करने की मांग को लेकर कुड़मी समाज की ओर से कल शुरू हुआ रेल रोको आंदोलन देर रात गृह मंत्रालय के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। इधर रेलवे ने रैक उपलब्ध नहीं होने के कारण कई ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया है। जिन ट्रेनों का परिचालन आज के लिए रद्द किया गया है, उनमें रांची–वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस, रांची –हावड़ा–रांची वंदे भारत एक्सप्रेस, पटना–रांची वन्दे भारत एक्सप्रेस, पटना–रांची जनशताब्दी एक्सप्रेस, टाटानागर–पटना–टाटानागर वन्दे भारत एक्सप्रेस, रांची–हावड़ा–रांची इंटरसिटी, हटिया–पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस, आसनसोल–रांची–आसनसोल मेमू, खड़गपुर–रांची–खड़गपुर मेमू, आद्रा–बरकाकाना–आद्रा, टाटानागर–बरकाकाना मेमू पैसेंजर, हटिया–आसनसोल हटिया टाटानगर ट्रेन शामिल हैं।

********************

कुड़मी समाज के रेल रोको आंदोलन को देखते हुए रेलवे ने कई ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया है। इनमें गोरखपुर–सम्बलपुर एक्सप्रेस, गोरखपुर–रांची एक्सप्रेस, नई दिल्ली–भुवनेश्वर तेजस राजधानी एक्सप्रेस, जम्मू तवी–सम्बलपुर एक्सप्रेस शामिल हैं।

********************

रांची में झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एवं इम्पलाइज फेडरेशन–झारोटेफ की ओर से कर्मचारी संकल्प महासम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें राज्यभर के विभिन्न विभागों के हजारों कर्मचारी और अधिकारी शामिल हुए। इस मौके पर झारखंड के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दीपक बिरुआ और नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने राज्य सरकार के कर्मियों की मांगों पर जल्द समाधान का आश्वसान दिया। मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि शिक्षकों को एमएसीपी, सेवानिवृत्ति आयु सीमा 62 वर्ष, शिशु शिक्षण भत्ता और उपार्जित अवकाश जैसी मांगें सरकार के संज्ञान में है। इस मौके पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी भी मौजूद रहीं।

********************

फेडरेशन ऑफ़ झारखंड चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का वार्षिक चुनाव आज रांची में होगा। इसे लेकर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। इससे पहले कल रांची में चैंबर की वार्षिक आम सभा आयोजित की गई जिसमें केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पत्रकारों से बातचीत में श्रीसेठ ने कहा कि अपने व्यवसाय को करते हुए दूसरे व्यापारियों के हितों की रक्षा करना और उनकी आवाज को बुलंद करना एक महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है।

**साउंड बाइट– संजय सेठ– ऑन चैंबर चुनाव–21 सेकेंड**

********************

खूंटी जिले के सायको थाना क्षेत्र में अफीम की अवैध खेती को रोकने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने अफीम की खेती नहीं करने का संकल्प लिया।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस संबोधन में,नागरिकों पर आर्थिक बोझ कम करने और कर ढांचे को सरल बनाने के लिए देश में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। नई दरें कल से लागू हो रही हैं। आज इस क्रम में, हम ऑटोमोबाइल क्षेत्र पर इन सुधारों के संभावित प्रभावों की चर्चा कर रहे हैं। एक रिपोर्ट–

********************

बिहार सरकार का 50 हजार का इनामी और हजारीबाग में गहना व्यापारी पर फायरिंग करने वाले अपराधी उत्तम यादव को पुलिस ने मार गिराया है। चतरा जिले के सिमरिया थाना में हुई मुठभेड़ में पुलिस ने उसे मार गिराया। उत्तम यादव टाइगर ग्रुप नामक आपराधिक गिरोह चलाता था। उसपर चतरा–हजारीबाग समेत झारखंड–बिहार के अलग–अलग थानों में दर्जनों मामले दर्ज हैं।

********************

चतरा जिले के खेतों में अब ड्रोन तकनीक से खेती करने की तैयारी की जा रही है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

********************

आज महालया है। इसे लेकर राजधानी रांची के दुर्गा बाड़ी समेत राज्यभर के मंदिरों और पूजा पंडालों में देवी दुर्गा का आह्वान किया जायेगा। दुर्गा बाड़ी में आज शाम विशेष पूजा के साथ ही महिषासुर मर्दिनी नाटक का भी मंचन किया जायेगा। कल से कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र की शुरुआत हो रही है। इस साल शारदीय नवरात्र 10 दिन का होगा।

********************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने कुड़मी आंदोलन से रेल सेवा प्रभावित होने की खबर को प्रमुखता दी है।

**दैनिक भास्कर की सुर्खी है**–पटरी पर कुड़मी रेल सेवा बेपटरी।

**हिन्दुस्तान ने लिखा है**–झारखंड में कुड़मी आंदोलन से थमी ट्रेनें।

**प्रभात खबर के शब्द हैं**–दिनभर अस्त–व्यस्त रही रेल सेवा, दर्जनों ट्रेनें रद्द, रात में गृह मंत्रालय के आश्वासन पर कुड़मियों का आंदोलन हुआ वापस।

**दैनिक जागरण ने** जीएसटी दरों में कटौती के बाद डेयरी उत्पादों की दर में कमी की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

*******समाप्त***********